भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1496
जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा का उत्पादन

1496. श्री मनोज तिवारी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अब तक परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और

(घ) सरकार का इस संबंध में भविष्य का क्या लक्ष्य है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) वर्तमान वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित लक्ष्य 41821 मिलियन यूनिट है । अप्रैल से जून 2021 की अवधि का लक्ष्य 10164 मिलियन यूनिट था जबकि वास्तविक विद्युत उत्पादन 11256 मिलियन यूनिट रहा ।

(ग) उपरोक्त (क) और (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के साथ वार्षिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के भाग के रूप में नाभिकीय विद्युत उत्पादन के लक्ष्य वार्षिक आधार पर निर्धारित किए जाते हैं । भविष्य के लिए लक्ष्य वित्तीय वर्ष आरम्भ होने से पहले वार्षिक आधार पर निर्धारित किए जाएगें ।

* * * * *